## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–02.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 10 मई को प्रस्तावति रांची दौरे पर सियासत तेज, झामुमो ने फिर उठाया बकाया एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये का मुद्दा, भाजपा ने किया पलटवार।
- केन्द्रीय गृह मंत्रालय की रोक के बाद भी अनुराग गुप्ता के डीजीपी पद पर बने रहने पर भाजपा ने जतायी आपत्ति, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा–राज्य सरकार का निर्णय असंवैधानिक।
- झारखंड हाईकोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों को दी बड़ी राहत, संबद्धता के लिए हर साल फीस वसूलने के सरकार के फैसले को किया खारिज।
- नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, हजारीबाग से दो उग्रवादी गिरफ्तार, पलामू में सुरक्षाबलों के साथ भीषण मुठभेड़, एसीबी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ भी की बड़ी कार्रवाई।
- केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने सफलता के नौ वर्ष किये पूरे, राज्य की महिलाओं के जीवन में आया बड़ा बदलाव।

******************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 10 मई को प्रस्तावित रांची दौरे पर सियासत तेज हो गयी है। झामुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज पांडेय ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि श्री शाह झारखंड का बकाया एक लाख छतीस हजार करोड़ रुपये दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

इधर, भाजपा ने झामुमो पर पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि झामुमो को संवैधानिक पहलुओं की जानकारी नहीं है।

******************

केन्द्रीय गृह मंत्रालय की रोक के बाद भी अनुराग गुप्ता के डीजीपी पद पर बने रहने पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जतायी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज रांची में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि श्री गुप्ता द्वारा लिये जा रहे निर्णय केन्द्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के आलोक में पूरी तरह असंवैधानिक हैं।

******************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने संविधान बचाओ अभियान के तहत राज्यव्यापी आंदोलन की घोषणा की है। यह आंदोलन चार चरणों में होगा, जिसकी शुरुआत छह मई 2025 को रांची स्थित पुराने विधानसभा मैदान में राज्य स्तरीय रैली से होगी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने केन्द्र सरकार पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया।

इस पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि कांग्रेस शुरु से संविधान की हत्या करती आ रही है।

******************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के प्राइवेट स्कूलों को बड़ी राहत दी है। मिली जानकारी के अनुसार अब प्राइवेट स्कूलों को संबद्धता के लिए हर साल फीस नहीं देनी होगी। यह फैसला झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन और अन्य निजी स्कूल संस्थाओं द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद लिया गया।

******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची में सरायकेला –खरसावां के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दोनों उपायुक्तों को प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित किए जाने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

******************

मुम्बई में वैश्विक मीडिया वार्ता के दौरान आज वेव्स घोषणा को अपनाया गया और सदस्य राष्ट्रों ने परंपराओं और विरासत को आगे बढाने में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की। वेव्स शिखर सम्मेंलन के अंतर्गत आयोजित मीडिया वार्ता में 77 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सभी देशों ने गलत सूचना और भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोकने और मीडिया की अखंडता, तथ्य–आधारित पत्रकारिता और जिम्मेदार विज्ञापन को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की।

******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। हजारीबाग के चरही थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि ये दोनों पहल नक्सली संगठन से जुड़े हुए थे लेकिन वर्तमान में आपराधिक गिरोह बनाकर घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

साउंड बाइट–एसपी हजारीबाग, ऑन गिरफ्तार–12 सेकेंड

उधर, पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी–टीएसपीसी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पुलिस ने भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की है।

******************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो –एसीबी ने आज भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। एसीबी हजारीबाग की टीम ने कोडरमा अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के पद पर कार्यरत सुरेंद्र कुमार को 10 हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। एसीबी की टीम ने उसके घर पर भी छापेमारी की। इसके बाद टीम उसे हजारीबाग ले गयी और पूछताछ कर रही है। उधर, गिरिडीह जिले के खोरीमहुआ अनुमंडल के एलआर डीसी के नाजिर मनीष भारती को भी 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एसीबी धनबाद की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

******************

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने अपनी सफलता के नौ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस योजना की बदौलत झारखंड की महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में रहने वाली गुड़िया देवी और शिल्पा देवी उन खुश क़िस्मत गृहिणीयों मे से एक हैं, जिन्होंने आगे बढ़कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ लिया है। वे कहती हैं कि इस योजना ने न केवल धुएं से छुटकारा दिलाया बल्कि उन्हें सशक्त बनाने का भी काम किया है।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में बैक टू स्कूल अभियान सफलतापूर्वक जारी है। इसका उदेश्य स्कूली बच्चों के ड्रॉपआउट दर को शून्य करना है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

झारखंड में खेल प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जायेगी। खेल विश्वविद्यालय का संचालन झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसायटी और सीसीएल संयुक्त रुप से करेगा। इस सिलसिले में आज मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इसकी प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

*******समाप्त*******